Phone & Fax 0135-2658294, E-mail: cfshiwa-forest-uk@nic.in

# कार्यालय—वन संरक्षक शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांकः— 718 / 12—1 दिनांक 11 सितम्बर, 2024।

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड देहरादून।

विषयः— मा० मुख्यमंत्री घोषण सं0—15/2017 एवं 512/2017 के अन्तर्गत जनपद, देहरादून के विधानसभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत सनगांव से नाहीकलां तक मार्ग का नव निर्माण कार्य के सम्बन्ध में।
(Online Proposal no- FP/UK/ROAD/37612/2018)

संदर्भः— क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, देहरादून द्वारा दिनांक 24/07/2024 को आयोजित पाक्षिक क्षेत्रीय समन्वय बैठक (एफ0आर0सी0एम0) के कार्यवृत्त में दिये गये निर्देशो का अनुपालन।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा जारी कार्यवृत्त के अनुपालन में प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून वन प्रभाग द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक— 1244/12—1 दिनांक— 09/09/2024 से सूचित किया है कि उनके द्वारा प्रस्तावित सनगांव—नाहींकला मार्ग का स्थलीय निरीक्षण दिनांक— 10.08.2024 को किया गया। निरीक्षण के समय प्रयोक्ता एजेन्सी की ओर से श्री राजेश कुमार चौहान, सहायक अभियन्ता, श्री राहुल कुमार, अपर सहायक अभियन्ता, तथा विभाग की ओर से वन क्षेत्राधिकारी, थानों रेंज, विभाग के सम्बन्धित स्टाफ एवं सनगांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य स्थानीय ग्रामीणों के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सनगांव से नाहीकलां तक प्रस्तावित मार्ग के समीप एक पूर्व निर्मित कच्चा मार्ग मौजूद है। परंतु उक्त पूर्व निर्मित कच्चे मार्ग की ग्रेडिऐन्ट मानको के अनुरुप नही है, इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि इतने अधिक ग्रेडिऐन्ट में लोक निर्माण विभाग के मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप मोटर मार्ग बनाना संभव नहीं है, पूर्व निर्मित समरेखण पर ही नया मार्ग बनाने हेतु ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि भी सहमत नहीं है, इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था/ अधिशासी अभियन्ता द्वारा दी गई आख्या संलग्न की जा रही है।

अतः उक्त परिस्थितियों को देखते हुए प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून द्वारा दी गई आख्या के अनुसार सनगांव से नाहींकला तक कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तावित समरेखण पर ही मार्ग निर्माण की अनुमति प्रदान करने पर विचार करना चाहें।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांकः— 718 /12—1 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः— प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून को उनके उपरोक्त विषयक पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।